# पर्दा ना कर पुजारी , दिखने दे बांके बिहारी

पर्दा ना कर पुजारी , दिखने दे बांके बिहारी ,
पर्दा ना कर पुजारी, दिखने दे बांके बिहारी,
मेरे पास वक्त कम हैं, और कहनी हैं बातें सारी ,

पर्दा ना कर पुजारी, दिखने दे बांके बिहारी,

बड़ी दूर से हूँ आया , अर्जी इन्हे लगाने ,
कुछ बातें अपने दिल की , आया इन्हे सुनाने ,
बड़ी दूर से हूँ आया , अर्जी इन्हे लगाने ,
कुछ बातें अपने दिल की , आया इन्हे सुनाने ,
कब से खड़ा था पीछे , अब आई हैं मेरी बारी,

पर्दा ना कर पुजारी , दिखने दे बांके बिहारी ,
मेरे पास वक्त कम हैं , और कहनी हैं बातें सारी ,

मैं खुद नहीं हूँ आया , श्याम ने मुझे बुलाया ,
कल रात को सपने में , आकर मुझे जगाया ,
मैं खुद नहीं हूँ आया , श्याम ने मुझे बुलाया ,
कल रात को सपने में , आकर मुझे जगाया ,
बोले के दूंगा सब वो , जो भी इच्छा हो तुम्हारी ,

पर्दा ना कर पुजारी , दिखने दे बांके बिहारी ,
मेरे पास वक्त कम हैं , और कहनी हैं बातें सारी ,

नजरे मिला के इनसे , कर लू मैं चंद बातें ,
मेने सुना हैं सबसे , हारे को ये जीताते ,
नजरे मिला के इनसे , कर लू मैं चंद बातें ,
मेने सुना हैं सबसे , हारे को ये जीताते ,
मुझको जीता दे कान्हा, आया शरण तुम्हारी ,

पर्दा ना कर पुजारी , दिखने दे बांके बिहारी ,
मेरे पास वक्त कम हैं, और कहनी हैं बातें सारी ,

Bhajan Lyrics - Jay Prakash Verma, Indore

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/35103/title/parda-na-kar-pujari---dikhne-de-banke-bihari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |